
अर्नब का असर, हल्की बारिश के साथ बढ़ी ठंड

● मूसलधार बारिश से धान फसलों को भारी नुकसान ● मुआवजे के लिए किसानों ने लगायी गुहार

वाल्मीकिनगर (पचं)। बंगाल की खाड़ी से उठे अर्नब तूफान का असर अब वाल्मीकिनगर क्षेत्र में भी दिखने लगा है। गुरुवार शाम से ही मौसम का मिजाज बुंदा बुंदी के साथ बदल गया। आसमान में बादल छाए रहे और शाम के बाद रात में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई।बीती रात से लगातार बारिस हो रही है।इससे मौसम में नमी और ठंड बढ़ गयी है।ठंड ने दस्तक दे दी है।अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में धान की फसल तैयार है। कुछ किसानों ने अपनी फसल की कटाई पूरी कर ली है, जबकि अभी 35 प्रतिशत से अधिक किसानों के खेतों में धान की कटनी बाकी है। ऐसे में बारिश होने से खेतों में खड़ी फसल के साथ कटाई के बाद खेतों में रखे धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। किसानों में इदरीस अली, विनोद राम, जय किशन यादव, सुबोध सरकार, दिलीप सरकार, राजदेव काजी आदि ने बताया कि धान की फसल तैयार है। कटनी के समय बारिश होने से किसानों की परेशानी बढ़ गयी है। यदि लगातार बारिश हुई,तो धान की फसल खेतों में ही बर्बाद हो जायेगा।किसानों के मुताबिक खेती में पहले ही लागत और मेहनत अधिक लगी है। ऐसे समय में मौसम की मार पड़ने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

नौतन से प्राप्त खबरों के अनुसार–एक तरफ बाढ़ का कहर दूसरी तरफ मुसलाधार बारिश व तेज हवा ने किसानों की हालत बद से बदतर बना दिया है।खेत में ? तैयार व कटे फसल बारिश से बर्बाद हो रहें हैं।नुकसान हो रहें धान को देख किसान छाती पीटने को मजबूर है। खड्डा कुंजलही गांव किसान वीर पासवान, राजेश पासवान, दशरथ पासवान, शेख जोहा, अफरोज नैयर, आदि ने कहा कि गंडक नदी के उफान से महिनों तक दियारा वासी बाढ़ का कहर झेलें। इस दौरान बाढ़ के पानी में चंपारण तटबंध के किनारे और नदी के किनारे लगाये गये धान और गन्ना फसल डूब कर नष्ट हो गया।पिछले दो दिनों से अंचल क्षेत्र के सभी जगहों पर हो रही मुसलाधार बारिश व तेज हवा से किसानों की आफत बढ़ा दिया है। काटे गये धान और खेत में खड़े धान फसल को बारिश के पानी व तेज हवा से भारी



नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक के दोहरे मार से किसानों के कमर टूट गया है। किसान अपनी बेवसी पर आंसु बहाने को विवश हैं।

बगहा (आससे) प्राप्त खबरों के अनुसार–नेपाल से आई बाढ़ और सितंबर के अंतिम सप्ताह में हुई मूसलाधार बारिश ने बगहा एक प्रखंड के चखनी राजवटिया पंचायत के किसानों की कमर तोड़ दी है। गंडक नदी के किनारे बसे रजवटिया गांव में बाढ़ और अतिवृष्टि के कारण धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों का दावा है कि खेतों में लगी करीब 80 से 90 प्रतिशत धान की फसल बर्बाद हो गई है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। फसल की व्यापक क्षति से परेशान रजवटिया गांव के किसानों ने जिला कृषि पदाधिकारी, पश्चिम चंपारण, बेतिया को आवेदन देकर फसल क्षति का स्थलीय निरीक्षण कराने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि धान की फसल ही उनकी सालभर की आजीविका का प्रमुख आधार है। फसल बर्बाद होने से परिवार के भरण-पोषण के साथ ही आगामी खेती के लिए पूंजी जुटाना भी मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि रजवटिया गांव गंडक नदी के तट पर स्थित है और यह क्षेत्र राजस्व ग्राम रजवटिया के चादर संख्या एक से छह के अंतर्गत आता है। यहां के किसान नियमित रूप से राजस्व मालगुजारी भी जमा करते हैं। इसके बावजूद प्राकृतिक आपदा की मार से उनकी खेती पूरी तरह प्रभावित हुई है। किसानों ने कृषि विभाग से गांव में जांच टीम भेजकर वास्तविक नुकसान का आकलन कराने तथा सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते राहत नहीं मिली तो अगली फसल की बुआई प्रभावित हो सकती है। आवेदन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी तरनजोत सिंह, संबंधित विधायक राम सिंह, बिहार आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव तथा वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुशवाहा को भी भेजी गई है। आवेदन में पंचायत समिति सदस्य और वार्ड पार्षद समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी उल्लेख किया गया है। अब किसानों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं। उन्हें उम्मीद है कि प्रशासनिक स्तर पर जल्द जांच कराकर फसल क्षति का आकलन किया जाएगा और प्रभावित किसानों को राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।

मिनी पोकलेन मशीन से नाला सफाई कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

बेतिया। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से गुरुवार शाम से ही नगर निगम क्षेत्र में तेज हवा के साथ जारी बरसात के बीच शुक्रवार को महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने मिनी पोकलेन मशीन से नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सत्यनारायण पेट्रोल पंप से सोआबाबू चौक के मुख्य नाले के ऊपर काबिज दर्जनों फुटपाथी दुकानदारों के कारण नाला सफाई में हो रही समस्या को लेकर महापौर ने कड़ा रुख अपनाया। महापौर श्रीमती सिकारिया ने अनेक अतिक्रमणकारियों फटकार लगाते हुए नाले के ऊपर खड़े ढाठर और जाफड़ी हटवा कर जल निकासी अवरोधक बने कचरा तथा सिल्ट को हटवाया। जिसके बाद जल निकासी का प्रवाह को महापौर ने तेज और सुचारू बनवाया। इस मौके पर महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि नाले नालियों की नियमित उड़ाही और सफाई के कारण इस साल कही भी देर तक जल जमाव की समस्या नहीं हुई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि फुलप्रूफ नियमित जल निकासी के लिए नगर निगम द्वारा नालों के जीर्णोद्धार और सुचारू जल निकासी के लिए अनेक योजनाएं पारित एवं निविदा जारी की गई हैं। महापौर ने मौके काम कर रहे नगर निगम के सफाईकर्मियों के काम काज की तारीफ की।

बाल अधिकारों का संदेश लेकर निकली प्रभातफेरी

बगहा (आससे)। सुरक्षित बचपन और बाल संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को



बगहा बाजार में स्कूली बच्चों ने जागरूकता प्रभात फेरी निकाली। शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्लस टू पीएम श्री डीएम एकेडमी माध्यमिक विद्यालय, बगहा एक के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत निकाली गई प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से शुरू होकर एनएच-727 मुख्य पथ सहित नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने बाल अधिकार, बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण से जुड़े नारे लगाए। नारों के माध्यम से लोगों को बच्चों के अधिकारों का सम्मान करने तथा उनके सुरक्षित भविष्य के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया गया। प्रभात फेरी के दौरान मुख्य सड़क पर जागरूकता के नारे गूंजते रहे। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार यादव ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ अभिभावकों और आम लोगों को बाल सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना है।

शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

चनपटिया (पचं)। तीन लीटर चार सौ एम एल देशी चुलाई शराब के साथ चनपटिया थाना ने एक धंधेबाज अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत बेतिया। गिरफ्तार शराब कारोबारी अभियुक्त मदन प्रसाद पिता स्व कैलाश प्रसाद साकीन लखौरा थाना कुमार बाग निवासी को चनपटिया थाना ने तीन लीटर चार सौ एम एल देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कर चनपटिया थाना ने मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत बरामद शराब को जप्त कर चनपटिया थाना प्राथमिकी संख्या 384/26 दर्ज कर गिरफ्तार कारोबारी अभियुक्त को जांचोपरांत न्यायिक हिरासत बेतिया भेज दिया।

लगातार हो रही बारिश से किसान परेशान फसलों को नुकसान की आशंका

गौनाहा (संवाद सूत्र)। प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश के कारण खेतों में पानी जमा होने लगा है,जिससे किसानों को अपनी फसलों की क्षति होने की आशंका सताने लगी है। खासकर खेतों में लगी धान सहित अन्य फसलों पर बारिश का प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। लगातार बारिश के कारण खेतों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है इससे फसलों की बढ़वार प्रभावित होने के साथ-साथ कई जगहों पर फसल बर्बाद होने का भी खतरा बना हुआ है। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह बारिश जारी रही तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान धनेश यादव,नागेंद्र प्रसाद,विकाश कुमार और धनंजय यादव ने कृषि विभाग से क्षेत्र में फसलों की स्थिति का जायजा लेने तथा संभावित नुकसान का आकलन कराने की मांग की है। साथ ही किसानों को उचित सलाह और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की अपील की है।लगातार बारिश ने किसानों की मेहनत और उनकी उम्मीदों पर पानी फेरने की चिंता बढ़ा दी है।

एसबीआई का लगा वित्तीय जागरूकता कैंप ग्रामीणों को मिली सरकारी योजनाओं की जानकारी

नौतन। भारतीय स्टेट बैंक नौतन की ओर से शुक्रवार को वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत नियाज खान के दरवाजे पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों एवं खाताधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाखा प्रबंधक विक्रम कुमार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को इन योजनाओं से जुड़कर अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं सीएफ नीतीश कुमार ने यूपीआई, डिजिटल बैंकिंग और साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर मंगलपुर गुदरिया पंचायत के मुखिया श्री राजेंद्र प्रसाद सिंह की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैंकिंग जागरूकता बढ़ाने तथा सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया।

पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी का भी उल्लेख किया गया। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष गरिमा मिली। शिविर में एसबीआई के सभी लिंक सीएसपी संचालक अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, बजरंगी प्रसाद, अनिल प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, अनिकेत कुमार, अजय शर्मा एवं अनुराग कुमार सहित मनोहर कुमार, सुभाष शर्मा, दीपेंद्र कुमार, बलजीत सिंह, मुन्ना सिंह, मनोज सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अर्नब का कहर दिनभर होती रही बारिश

लौरिया (संवाद सूत्र)। समुद्र तटीय इलाकों में आए अर्नब तूफान के मद्देनजर मौसम विभाग पटना के द्वारा राज्य के 27 जिलों में बारिश और आंधी को लेकर 72 घंटे का अलर्ट जारी किया गया। जिसका असर तराई क्षेत्र लौरिया में भी देखने को मिला । इस बेमौसम बारिश ने व्यवसाई वर्ग , कामकाजी लोगों और किसानों पर अपना प्रतिकूल प्रभाव डाला । जिससे हाट बाजारों की अधिकांश दुकानों में ताला लटका रहा तो ग्राहकों की चहल पहल कम देखी गई । वहीं खरीफ सीजन के तहत खेतों में खड़ी तैयार धान की फसल कटाई के लिए बाट जोहती रही तो जिसकी कटाई हो चुकी है वो भीग कर बर्बाद होती नजर आ रही है। यह आलम एक दो दिन और रहा तो स्थिति गंभीर हो जाएगी और किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत बच्चों को किया गया जागरूक

बगहा (आससे)। अखिल भारतीय सुरक्षित बचपन अभियान के तहत शुक्रवार,30 अक्टूबर को बगहा



पुलिस की ओर से राजकीय प्राथमिक बुनियादी विद्यालय, हरनाटांड़ बगहा-02 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बाल सुरक्षा, बाल अधिकार, मानव तस्करी, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं पॉक्सो एक्ट अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही गुड टच और बैड टच के बीच अंतर समझाते हुए किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार या शोषण की स्थिति में बिना डरे शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस पदाधिकारियों ने बच्चों को उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।कार्यक्रम के दौरान एएचटीयू (मानव तस्करी निरोधक इकाई) के कार्यों, पुलिस दीदी की भूमिका तथा आपातकालीन सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। मौके पर डीएसपी मुख्यालय, एएचटीयू टीम, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

दूसरे दिन पटना प्रमंडल और एकलव्य केंद्र के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

बेतिया। खेल विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (पटना) तथा जिला प्रशासन (पश्चिम चंपारण) के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिक खेल कार्यक्रम के तहत आयोजित राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय तलवारबाजी (फेंसिंग) खेल प्रतियोगिता 2026 के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। बेतिया के खेलभवन -सह-व्यायामशाला भवन में चल रही इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रमंडलों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है, जिसमें पटना प्रमंडल और एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने पदक तालिका में अपना वर्चस्व कायम रखा है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन और खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी ने कहा, 'बिहार में तलवारबाजी खेल का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों की तकनीक और फूर्ती देखकर यह साफ है कि हमारे खिलाड़ियों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने की पूरी क्षमता है। बिहार सरकार और खेल प्राधिकरण ग्रामीण इलाकों से भी प्रतिभाओं को निखारने के लिए हर संभव संसाधन और मंच उपलब्ध करा रहा है।● अंडर-14 एपे (Epee) इवेंट एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के अभिषेक कुमार ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, पटना प्रमंडल के हिमांशु कुमार को द्वितीय स्थान मिला। इसके अलावा पटना प्रमंडल के ही अंकित कुमार और एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के दिव्यराज संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।●अंडर-17 फॉयल (Foil) इवेंट-इस वर्ग में पटना प्रमंडल के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। पटना प्रमंडल के युवराज कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अभिषेक राज ने द्वितीय स्थान हासिल किया। पटना प्रमंडल के ही शौर्य कुमार और एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के कृष कुमार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।●अंडर-19 सेबर (Sabre) इवेंट-इस रोमांचक मुकाबले में पटना प्रमंडल के तीर्थ शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। तिरहुत प्रमंडल के प्रदीप कुमार ने दूसरा (द्वितीय) स्थान हासिल किया, जबकि पटना प्रमंडल के आदित्य कुमार और एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के अद्रिक राज ने संयुक्त रूप से तीसरा (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता को निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मुख्य तकनीकी निर्णायकों (रेफरी) की भूमिका बेहद सराहनीय रही। मैच रेफरी और निर्णायक मंडल में राकेश कुमार, अंकित कुमार गजबइये, राजन कुमार, शिवम कुमार, राजेश कुमार, संदीप राय और प्रवीण कुमार शामिल रहे, जिन्होंने अपने अनुभव से मैचों का सफल संचालन किया।

जनसुनवाई में जिला पदाधिकारी ने सुनीं 58 शिकायतें

बेतिया। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर में आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी श्री तरनजोत सिंह ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे फरियादियों संजीव कुमार गुप्ता, हर्षित आनंद, अजित कुमार, शीला देवी, मंजीत कुमार पासवान, सकीला खातून, कृष्णमोहन ठाकुर, कुन्ती देवी, फारूक अंसारी, सूर्यदेव प्रसाद सहित अन्य ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 58 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
(E-mail:- shlcdaurangabad@gmail.com)
बिहार सरकार

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1178 दिनांक 14.10.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–02/2026-27 जिसका PR No. 013920(WRD) 2026-27 में आंशिक संसोधन किया जाता है, जो निम्न प्रकार हैं–

1. क्र० सं० 20, 21 एवं 31 को विलोपित समझा जाय।
2. क्र० सं० 01 में दर्ज कार्य के समाप्ति का समय **माह मार्च 2027 के पूर्व** के स्थान पर **माह मार्च 2027** समझा जाए।
3. जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 686 दिनांक 19.08.2014 एवं पत्रांक 200 दिनांक 14.03.2016 के अनुरूप दस्तावेज देना अनिवार्य होगा। जो निम्नवत् हैं–

(i) निम्न आशय का शपथ–पत्र (निविदा निर्गत करने की तिथि के बाद का निर्गत) अपलोड करना अनिवार्य हैं। जो इस प्रकार है–

"I the undersigned, do hereby certify that all the statement made in the required attachments are true and correct and if found fake/forged, the undersigned will be liable for infliction upon the F.I.R. and lawful punishment as well as black listing."

(ii) Availability of Key Personnel प्रमाण–पत्र / शपथ–पत्र।
(iii) Availability of key Equipment (Either owned or Leased or by Procurement) प्रमाण–पत्र।
(iv) Similar Nature of work(minimum 10% of Estimated Amount) Minimum one similar work का कार्यपालक अभियंता से निर्गत प्रमाण–पत्र।

शेष सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेगी। निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(ई० नवल किशोर कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल,औरंगाबाद।

PR- 014444 (W R D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

BIHAR RAJYA BEEJ NIGAM LIMITED
(A Govt. of Bihar Undertaking)
An IS/ISO 9001:2015; IS/ISO 14001:2015; IS/ISO 37001:2016 Certified Company
3rd Floor, Krishi Bhawan, Mithapur, Patna-800001 (BIHAR)
Telephone: 0612 2547066 website: brbn.bihar.gov.in e-mail: brbn.bih.mail@gmail.com
CIN : U01111BR1977SGC 001294

NOTICE INVITING TENDER- Processing- 01/2026-27
Through e-Procurement mode only over https://Eproc-2.bihar.gov.in/Beltron

Bihar Rajya Beej Nigam Ltd. invites under two bid systems from Reputed/Authorized Labour contractor for handling and processing of Raw seed approx 3.00 Lakh (Three lakh) Quintal annually.

1. Date of Downloading of Tender Document- **From 29.10.2026 to 20.11.2026**
2. Date of Pre-bid meeting on **05.11.2026 at 3:00 PM** (Tenderers may present in meeting for any queries/discussion at Bihar Rajya Beej Nigam Limited Patna).
3. Date of Submission/Uploading of Tender- U**pto 20.11.2026 at 3:00 PM**
4. Date & Time for opening of Technical Bid- **20.11.2026 at 5:00 PM**
5. Contact Person/Nodal Officer for queries- Name- Sri Rabindra Kumar Verma, Chief of Processing, Mob-9431266889
6. Financial Bid opening date - To be notified after technical bid.
7. Validity of Tender-01 (one) Year.
8. For details, please visit the website:- **brbn.bihar.gov.in**
9. https://state.bihar.gov.in/main/CitizenHome.html
10. **https://eproc2.bihar.gov.in**

Managing Director
Bihar Rajya Beej Nigam Ltd

PR- 014504 (B & C) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
कार्यालय का नाम– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चौसा।
निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
NIT No- 05/2026-27
निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से 70.00 लाख तक की राशि के कार्यों के लिए (डबल बीड पद्धति)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चौसा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक– 26/10/2026
3. संवेदक द्वारा निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि – दिनांक– 08/11/2026 को समय –11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक– 12/11/2026 को समय –11:00 से 14:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न, सभाकक्ष, नगर पंचायत, चौसा।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – दिनांक– 17/11/2026 समय– 05:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि – दिनांक– 19/11/2026 समय– 03:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि – तकनीकी बीड में सफल होने के उपरांत
8. कार्य की विवरणी–

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website: - www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website: - www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर पंचायत चौसा अन्तर्गत (1) बक्सर–सासाराम मुख्य पथ से मेराज रजक के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण कार्य (2) बक्सर–सासाराम मुख्य पथ से मेराज रजक के घर होते हुए संतोष माली के घर तक आर0सी0सी0 नाली सह स्लैब निर्माण कार्य।	29,37,900.00	58,800.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month
2	नगर पंचायत चौसा कार्यालय के सामने बक्सर चौसा मार्ग पर सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य।	49,46,600.00	93,000.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month
3	नगर पंचायत चौसा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड सं0–14 में न्यायीपुर में बैजनाथ राम के घर से मीरा देवी, चन्द्रमा राम के घर से गाँधी राम के घर होते हुए जर्नार्दन राम के घर तक, रामजस राम के घर से बेचु राम, व्यास जी राम, मुनी राम के घर होते हुए सनोज गोड़ के घर तक एवं अमीरचन्द अरुण मास्टर के घर तक एवं अन्य गलियों का नाली एवं पी0सी0सी0 निर्माण कार्य।	46,35,900.00	92,800.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in
09. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा state.bihar.gov.in/prdbihar मे देखा जा सकता है।

PR- 014462 (B & C) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, चौसा।

बिहार सरकार
समाहरणालय, सहरसा
(जिला नजारत शाखा)
Email ID:- zilanazaratsaharsa@gmail.com
–:: अल्पकालीन निविदा ::–
श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव–2026 के आयोजन से संबंधित निविदा

दिनांक 19, 20 एवं 21 नवम्बर–2026 को राजकमल क्रीड़ा मैदान, महिषी, सहरसा में आयोजित श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव, महिषी, सहरसा के अवसर पर टेन्ट, पंडाल, शामियाना, जेनरेटर सेट एवं अन्य विद्युत सामग्रियों को भाड़े पर लेने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों के लिए इच्छुक GST/निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ता से जिलाधिकारी, सहरसा को संबोधित दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित शर्तों पर दिनांक– 07.11.2026 के अपराह्न 02.00 बजे दिन तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.11.2026 को अपराह्न 03.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोली जायेगी। निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उक्त अवसर पर अवश्य उपस्थित रहेंगें। सामग्रियों/सेवाओं का सूची निम्न प्रकार से है:–

Section- A
For logistic items/Services for cultural program & Seminar (At Mahishi village Raj Kamal playground) Date 19 to 21 Nov. 2026 (03 दिवसीय)
Section- B. (Date 19 to 21Nov. 2026)
1.विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए जिला नजारत शाखा, सहरसा/जिला के वेवसाईट https://saharsa.nic.in पर उपलब्ध है।
विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

PR- 014553 (District) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
जिलाधिकारी,
सहरसा।

बिहार सरकार
भोजपुर समाहरणालय, आरा
(जिला विधि प्रशाखा)
आवेदन आमंत्रण सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी0डब्लू0जे0सी0नं0–19276/2019 (क्रिमी0 मिस0 नं0–28530/2019 में पारित आदेश दिनांक–21.08.2019 से उद्धभूत) में दिनांक–15.05.2026 को पारित आदेश एवं सरकार के संयुक्त सचिव, विधि विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–5913 दिनांक–23.07.2026 के आलोक में उत्पाद न्यायालय के संचालन हेतु निजी भवन को किराये पर लेने की आवश्यकता है। मुख्य वास्तुविद, भवन निर्माण, विभाग, बिहार पटना द्वारा अनुमोदित वास्तुविदीय नक्शे के समरूप कोर्ट भवन होना ऐच्छिक है, जो निम्न प्रकार है:–

- Building Area Required - 100' x 50'
- Floor Required - G+2
- Ground Floor - Parking with Guard Room
- 1st Floor - 3BHK
  a. Hall Size- 50'X30'
  b. Room Size- 16'x16'
  c. Room Size- 30'x20'
  d. Room Size- 16'x16'
  e. Toilet (Male, Female, Transgender & PH)
- 2nd Floor - Same as 1st Floor

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा।
PR- 014495 (District) 2026-27
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

न्यायालय,
श्रीमान् सब जज प्रथम
बगहा, पश्चिम चंपारण
स्वत्व वाद संख्या- 17/2026
खुशीजहान नेशा .....वादी
बनाम
शफीक मियां वो .....प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम : 1.शफीक मियां, पे. वकिल मियां 2. सफुरद्दीन मियां, पे. हजरत मियां 3. शहजादी खातुन पति शफीक मियां सभी साकिनान-पचगांवा, पो. सेमरा मेड़ौल, थाना-सेमरा, जिला-पश्चिम चम्पारण .....प्रतिवादीगण

बजरीये प्रकाशन नोटिस आपलोगों को अगाह किया जाता है कि आपलोगों के विरुद्ध वादी खुशी जहांन नेशा, पति आस महम्मद मियां, सा.पचगांवा, पो. सेमरा मेड़ौल, थाना-सेमरा, जिला-पश्चिम चम्पारण ने मेरे न्यायालय में उपरोक्त वाद दाखिल किया है, जिसमें मेरे न्यायालय से सम्मन एवं रजिस्ट्री सम्मन आपलोगों के यहां भेजा गया हैं, लेकिन उपस्थित नहीं हुए हैं, जिसका अग्रिम तिथि 30.11.2026 को निर्धारित है।

अतः आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में दिनांक 30.11.2026 को प्रातः 10.00 बजे दिन में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध उपरोक्त मुकदमा में एकपक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।
सब जज प्रथम, व्यवहार न्यायालय
बगहा, पश्चिम चंपारण

न्यायालय
श्रीमान सब जज द्वितीय
बगहा, पं. चम्पारण
टी.एस.नं.- 36/2026 36/2026
प्रेमशंकर साह.....वादी
बनाम
विनोद साह.....प्रतिवादी
नोटिश बनाम

1. विनोद साह पे. केदार साह-साकिन-धकधाईया ओला खुरखुरवा, पो. - सेमरा, जिला-पं. चमपारण।

बजरिये प्रकाशन नोटिश आप को आगाह किया जाता है कि आपके विरुद्ध प्रेमशंकर साह पे. केदार साह, साकिन-धाकध ईया ओला खुरखुरवा, पो.- सेमरा मेड़ोल, थाना-सेमरा, जिला-पं. चम्पारण ने मेरे न्यायालय में उपरोक्त वाद दाखिल किया है। जिसमें मेरे न्यायालय से सम्मन एवं रजिस्ट्री सम्मन आपलोगों के यहां भेजा गया है, लेकिन उपस्थित नहीं हुए हैं, जिसका अग्रीम तिथि 07.12.2026 को निर्धारित है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में दिनांक 07.12.2026 को प्रातः 10.00 बजे दिन में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध उपरोक्त मुकदमा में एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।
सब जज द्वितीय
व्यवहार न्यायालय
बगहा, पं. चम्पारण